**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**18.12.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारतीय लेखा व लेखा सेवा के युवा अधिकारियों से पेशेवर उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने का किया आहवान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करने का लगाया आरोप।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने पांगी घाटी में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल किलाड़ के जल्द निर्माण का केन्द्र से किया आग्रह।
- राजधानी शिमला में 24 दिसम्बर से एक जनवरी तक होगा विंटर कार्निवाल का आयोजन।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### जी–राम जी

लोकसभा ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण विकसित भारत ग्रामीण विकास विधेयक–जी–राम–जी–2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा–2005 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। इस विधेयक के तहत, प्रत्येक वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ 25 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। इसमें परिवार के व्यस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक है उसे मजदूरी दी जाएगी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए 60 और 40 होगा, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारतीय लेखा व लेखा परीक्षा सेवा के युवा अधिकारियों से संवैधानिक मूल्यों ईमानदारी और पेशेवर उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहने का आहवान किया है। राज्यपाल आज शिमला के यारोज में भारतीय लेखा व लेखा परीक्षा सेवा के 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से मर्यादा बनाए रखने और जमीनी स्तर पर वित्तीय जवाबदेही व रिर्पोटिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर संवाद बनाए रखने का आगह किया। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय लेखा व लेखा परीक्षा अकादमी ने देश में वित्तीय अनुशासन पारदर्शिता और सुशासन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 21वीं सदी में सतत् सीखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ज्ञान और अनुकूलन क्षमता ही पेशेवर उत्कृष्टता की पूंजी है। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इस दौरान राष्ट्रीय लेखा व लेखा परीक्षा अकादमी के महानिदेशक एस.आलोक सहित भूटान और मालदीव के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकद्दमें बनाए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कुछ अधिकारी भी अपनी सीमाएं लांघ कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मण्डी में आयोजित राज्य सरकार के तीन साल के जश्न ने कांग्रेस पार्टी की आपसी कलह से पर्दा हटा दिया है।

**उप–मुख्यमंत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि 31 मार्च, 2026 तक एच.आर.टी.सी. के कर्मचारियों के 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की बक़ाया राशि का भुगतान चार किश्तों में कर दिया जाएगा। शिमला में आज एचआरटीसी के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कर्मचारियों के छह माह के लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस अवसर पर 'हिम बस पोर्टल' का शुभारंभ भी किया, जिसके माध्यम से लोग अब हिम कार्ड ऑनलाइन बनवा सकेंगे। इस बीच मुकेश अग्निहोत्री ने एक अन्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश भर के बस अड्डों पर 4 सौ 10 दुकानें किराए पर आवंटित की गई हैं, जिससे हर माह 45 लाख रुपये की आय होती है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले की दुर्गम पांगी घाटी में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल किलाड़ के निर्माण से जुड़े लम्बित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सिकंदर कुमार ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि इस जनजातीय क्षेत्र का सम्पर्क भारी बर्फबारी के कारण वर्ष में 6 से 7 माह तक कटा रहता है। ऐसे में आदिवासी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल पांगी के शीघ्र निर्माण से क्षेत्र के सैंकड़ों विद्यार्थियों को शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने डॉक्टर सिकंदर कुमार को इस मामले को लेकर हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। ये बात आज उन्होंने किन्नौर जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निगुलसरी में आयोजित वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई आरम्भ कर दी गई है और सरकारी स्कूलों को सी.बी.एस.ई बोर्ड में परिवर्तित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले के भावानगर, सांगला, रिकांगपिओ और कानम स्कूल को भी सी.बी.एस.ई बोर्ड से जोड़ा जाएगा।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर झूठ, भ्रम और धोखे की राजनीति करने का आरोप लगाया है। नाहन में आज एक पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने से पहले जनता को दी गई गारंटियों को लेकर झूठ के नए रिकार्ड बना रही है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शिमला जिले के ठाकुर रामलाल उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में कन्या खेल छात्रावास की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों को सम्मानित करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ–साथ खेलों का भी विशेष महत्व है इससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। इस दौरान रोहित ठाकुर ने राजकीय चिकित्सालय जुब्बल में चल रही विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण भी किया।

**विंटर कार्निवाल**

राजधानी शिमला में 24 दिसम्बर से एक जनवरी तक विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि विंटर कार्निवाल के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

***24 तारीख से 1 तारीख तक हमारा इंटर कार्निवल चलेगा। 24 तारीख को जो हमारी कल्चरल प्रेड है माननीय मुख्यमंत्री जी उसको शुभारंभ करेंगे। वाद्य यंत्रों के साथ उसकी शुरुवा करेंगे। कल्चरल प्रेड में महा नाटी भी होगी, और इसके अलावा हम थियेटर में भी काम करेंगे। गेयटी थियेटर में हमारे कलाकार भी आयेंगे। ओपन थियेटर में भी नाटक होगा।***

## "अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "

- विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारतीय लेखा व लेखा सेवा के युवा अधिकारियों से पेशेवर उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने का किया आहवान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करने का लगाया आरोप।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने पांगी घाटी में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल किलाड़ के जल्द निर्माण का केन्द्र से किया आग्रह।
- राजधानी शिमला में 24 दिसम्बर से एक जनवरी तक होगा विंटर कार्निवाल का आयोजन।